अनुक्रमांक ......................................                                                                 समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................                                                                 पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2019
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** गीतगोविन्द के रचयिता हैं- **(1)**

(A) जयदेव (B) जायसी

(C) अमीर खुसरो (D) इनमें से कोई नहीं।

**2.** कलिंग युद्ध के बाद अशोक ने घोषणा की थी- **(1)**

(A) भेरिघोष (B) धर्मघोष

(C) भेरिघोष तथा धर्मघोष (D) इनमें से कोई नहीं।

**3.** अधोलिखित में कौन गुप्तकालीन स्वर्ण मुद्रा है? **(1)**

(A) कौड़ी (B) दीनार

(C) निष्क (D) पर्ण।

**4.** तराइन का प्रथम युद्ध हुआ था- **(1)**

(A) महमूद गजनवी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य (B) मुहम्मद बिन कासिम और पृथ्वीराज चौहान के मध्य

(C) मुहम्मद गौरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य (D) इनमें से कोई नहीं।

**5.** दिलवाड़ा का जैन मन्दिर स्थित है- **(1)**

(A) मध्य प्रदेश में (B) राजस्थान में

(C) उत्तर प्रदेश में (D) गुजरात में।

**6.** पल्लवों के प्रसिद्ध रथ मन्दिर किस स्थान पर निर्मित हैं? **(1)**

(A) कांची (B) बंगी

(C) महाबलीपुरम (D) तंजौर

**7.** गुप्त संवत् का प्रारम्भ किया था- **(1)**

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम (B) चन्द्रगुप्त मौर्य

(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (D) समुद्रगुप्त।

**8.** कृष्ण देवराय के दरबार में 'अष्ठ-दिग्गज' थे- **(1)**

(A) आठ मन्त्री (B) आठ तेलगु कवि

(C) आठ महान् सेनापति (D) आठ परामर्शदाता।

**9.** मानसूनी पवन कहलाती है- **(1)**

(A) नियतवाही पवन (B) मौसमी पवन

(C) स्थलीय पवन (D) सागरीय पवन।

**10.** वायुमण्डल में सबसे अधिक गैस की मात्रा है- **(1)**

(A) ऑक्सीजन (B) नाइट्रोजन

(C) कार्बन (D) हाइड्रोजन।

**11.** 66 1/2° ध्रुवों के मध्य पाया जाने वाला ताप कटिबन्ध है- **(1)**

(A) शीतोष्ण (B) शीत

(C) उष्ण (D) इनमें से कोई नहीं।

**12.** भारतीय संविधान में सूचियाँ- **(1)**

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार।

**13.** संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे- **(1)**

(A) सरदार पटेल (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(C) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (D) पं. जवाहरलाल नेहरू।

**14.** अर्थव्यवस्था में पूँजी का बाजार कौन बनाता है? **(1)**

(A) उपभोक्ता (B) शेयर

(C) स्टॉक एक्चेंज (D) बैंक।

**15.** मूल्य मापक का कार्य मुद्रा का- **(1)**

(A) सहायक कार्य है। (B) अन्य कार्य है।

(C) प्रमुख कार्य है। (D) आकस्मिक कार्य है।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** सल्तनत काल का अन्तिम सुल्तान कौन था? **(1)**

**17.** अशोक ने किस धर्म को राजाश्रय प्रदान किया था? **(1)**

**18.** अजन्ता वर्तमान भारत के किस राज्य में स्थित है? **(1)**

**19.** दिल्ली सल्तन के किन्हीं दो राजवंशों के नाम लिखिए। **(1)**

**20.** हर्षकालीन दो शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिए। **(1)**

**21.** किस अक्षांश रेखा को भूमध्य रेखा कहा जाता है? **(1)**

**22.** अपक्षय क्या है? **(1)**

**23.** मौसम और जलवायु में क्या अन्तर है? **(1)**

**24.** वायुमण्डल के सबसे निचली परत का क्या नाम है? **(1)**

**25.** विश्व के सबसे गहरे महासागरीय गर्त का क्या नाम है? **(1)**

**26.** मूल अधिकारों को किन परिस्थितियों में स्थगित किया जा सकता है? **(1)**

**27.** संवैधानिक उपचारों के अधिकार के अन्तर्गत न्यायालय कितने प्रकार का लेख जारी करता है? **(1)**

**28.** मुद्रा स्फीति के किन्हीं दो प्रकारों के नाम बताइए। **(1)**

**29.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब पास हुआ? **(1)**

**30.** विकसित अर्थव्यवस्था का क्या अर्थ है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** गुप्तकाल को स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है? **(2)**

**32.** सूफी मत के प्रमुख सिद्धान्त लिखिए। **(2)**

**33.** कालिदास कौन थे? इनके द्वारा लिखित ग्रन्थों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** मुहम्मद तुगलक की सांकेतिक मुद्रा की योजना असफल क्यों हो गई? **(2)**

**35.** जल प्रपात क्या है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**36.** भूमिगत जल का क्या महत्त्व है? **(2)**

**37.** लोकतन्त्रात्मक गणराज्य से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**38.** श्रेष्ठ बैंकिंग प्रणाली के कोई दो गुण लिखिए। **(2)**

**39.** उपभोक्ता के अधिकार और कर्तव्य बताइए। **(2)**

**40.** भारत में औद्योगिक विकास के लिए सुझाव दीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/samajik-adhyayan/2019

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN